प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 12.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.................

- विधानसभा में आज वित्त वर्ष 2025–26 का बजट सदन से पारित होगा।
- प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए सुपोषण न्यूट्री किट दिये जायेंगे।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश की लगभग 1 हजार 630 बस्तियों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा।
- प्रदेश में गर्मी के असर में बढोतरी–बाडमेर में दिन का पारा 41 डिग्री के पार पंहुचा।

.................

राज्य विधानसभा में आज वित्त वर्ष 2025–26 का बजट सदन से पारित होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अनुदान मांगों पर जवाब देंगे। अपने जवाब में श्री शर्मा कई घोषणाएं कर सकते हैं। कार्य सलाहकार समिति ने 21 मार्च तक सदन का कामकाज तय कर दिया है। इस दौरान कई अहम बिल पेश होंगे। इससे पहले कल सदन में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग तथा सहकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा हुई।

.................

विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी प्रस्तावित है। ये बैठक विपक्ष लॉबी में आयोजित की जायेगी। इसमें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में आगामी रणनीति पर चर्चा होगी। इससे पहले कल भाजपा विधायक दल की बैठक भी आयोजित हुई थी।

.................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर फेज–2 की डीपीआर का काम 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को कॉरिडोर के सिविल कामों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी करने और परियोजना का काम समयबद्ध तरीके से किये जाने के निर्देश दिए। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को मेट्रो स्टेशन्स पर यात्री सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम करने को भी कहा।

.................

राज्य में गर्भवती महिलाओं को पोष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए सुपोषण न्यूट्री किट दिये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल जयपुर में महिला और बाल विकास विभाग की बजट घोषणाओं के कियान्वयन के संबंध में हई बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं के लिए गर्भावस्था के दौरान पौष्टिकता बढाने वाले भोज्य पदार्थों को "सुपोषण न्यूट्री किट" में शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें पोषण युक्त खान–पान किट उपलब्ध करवाने के लिए काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने "**मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना**" के तहत 1 अप्रैल से आंगनबाडी केंद्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों के लिए सप्ताह में पांच दिन दूध उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

.................

पशुपालन, डेयरी और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि राज्य की सहकारी डेयरियों में उत्पादित सरस दूध की गुणवत्ता ही इसकी पहचान है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वे कल जयपुर में राज्य की सहकारी डेयरियों के अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक ले रहे थे। श्री कुमावत ने कहा कि आम जन को मिलावट रहित दूध और दूध से बने उत्पाद उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके साथ ही सरकार सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। श्री कुमावत ने अधिकारियों को पिछली बजटीय घोषणाओं के लंबित कामों को प्राथमिकता से पूरा करने और नई बजट घोषणा के कामों को समय से पूरा करने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए।

.................

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश की लगभग 1630 बस्तियों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कल उप मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्थान ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक में ये बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए साढे तीन हजार करोड़ रूपये खर्च कर करीब 5 हजार किमी लंबी पक्की सड़के बनाई जायेगी। इससे दूरदराज के गांवों, ढ़ाणियों और क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के पक्की सड़कों से जुडने से परिवहन सुगम और तेज होगा तथा आर्थिक विकास के नये रास्ते खुलेगें। गौरतलब है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा योजना के चौथे चरण के तहत इन ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के लिए सर्वे का काम 31 जनवरी से पहले ही करवाया जा चुका है।

.................

जैसलमेर में फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में अब तक जिले में लगभग 45 हजार किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

.................

चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से सम्बंधित किसी भी मुद्दे के समाधान के लिए देश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य–स्तरीय राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। ये सुझाव 30 अप्रैल तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी या मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर दिए जा सकते हैं। आयोग की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों को विमर्श करने के लिए आमंत्रित किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बीते दिनों निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए थे। श्री कुमार ने बैठकों में मिलने वाले सुझाव पर पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर ही समुचित कार्यवाही करने को कहा था। उन्होंने इस विषय में राज्यों से 31 मार्च तक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

.................

प्रदेश में गर्मी का असर बढने लगा हैं। बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 35 डिग्री सैल्यियस के ऊपर दर्ज हुआ है। वहीं रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। ये 15 से 20 डिग्री सैल्सियस के बीच बना हुआ है। दिन का सबसे ज्यादा 41 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां लोग अभी से ही गर्मी से ब चाव के उपाय कर रहे है।

.....

मौसम विभाग ने बाड़मेर और जालौर में गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में 13 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार

हैं। इसके प्रभाव से कहीं—कहीं हल्की बारिश की संभावना है। वहीं 14 और 15 मार्च को जयपुर, कोटा, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं—कहीं हल्की बरसात हो सकती है।

.................